PRATHAM - SHAH PraDigi INNOVATION CENTER प्रडिजि

समय 30 मिनट

पासिंग द पार्सल

सामग्री

पेपर, पेन या पेंसिल, गाना बजाने के लिए कोई भी उपकरण या मोबाइल।

खेल पूर्व तैयारी

कोच को चाहिए कि कोई ऐसी चीज़ जिसे पास किया जा सके जैसे डस्टर, कॉपी या बॉल इसका इंतज़ाम पहले से कर लें और निम्नलिखित चीज़ों को कागज़ के टुकड़ों पर लिख कर उसकी पर्चियां बनाएं।

पर्चियों में लिखने के लिए शब्द

(क्रियाएँ) – नहाना, कपड़े धोना, खाना पकाना, पढ़ाई करना, TV देखना, शॉपिंग करना, बस में सफ़र करना, सफ़ाई करना, खेती करना, साइकिल चलाना

(जगह) – कारख़ाना, मेडिकल की दुकान, क्लासरूम, किचन, बगीचा, आंगनबाड़ी, बाथरूम

खेल कैसे खेलें?

1. सभी बच्चे गोला बनाकर बैठेंगे। पर्चियां बीच में रखें। कोच मोबाइल पर गाना बजाएंगे। मोबाइल ना हो तो तालियां भी बजा सकते हैं।
2. गाना चलने पर बच्चे पार्सल को पास करेंगे। गाना रुकते ही जिस किसी बच्चे के पास पार्सल होगा वह एक पर्ची उठाएगा। उस पर्ची पर एक क्रिया या जगह का नाम लिखा होगा।
3. बच्चे को कोई भी 2 प्लास्टिक की वस्तुओं का नाम बताना है जो उस क्रिया में या उस जगह इस्तेमाल होती हैं। अगर कोई बच्चा प्लास्टिक की वस्तुओं का नाम नहीं बता पाता है तो वह बच्चा आउट हो जाएगा और बाकी बच्चे खेल खेलेंगे।
4. कोच को ध्यान रखना है कि सभी बच्चों की बारी आए और निर्धारित समय में यह खेल पूरा हो पाए।